आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)

बृहस्पतिवार 02.01.2025 समय 1830

मुख्य समाचार :–

- **वन विभाग आगामी वनाग्नि सत्र से पहले, प्रदेश में सात नई पिरुल ब्रिकेट्स यूनिट तैयार करेगा।**
- **नगर निकाय चुनावों के लिये आज नाम वापसी का अंतिम दिन, प्रत्याशियों को कल आवंटित किये जाएंगे चुनाव चिह्न।**
- **चमोली जिले में मशरूम की खेती से काश्तकार हो रहे हैं सशक्त, किसानों को दी जा रही 80 प्रतिशत सब्सिडी।**
- **देहरादून में जल्द ही 250 नए सीएनजी ऑटो का संचालन किया जाएगा।**

<u>पिरुल ब्रिकेट्स</u>

आगामी वनाग्नि सत्र से पहले वन विभाग, प्रदेश में सात नई पिरुल ब्रिकेट्स यूनिट तैयार करेगा। इससे पिरुल एकत्रीकरण के जरिए वनाग्नि रोकथाम में मदद मिलेगी। प्रदेश में वनाग्नि का मुख्य कारण, जंगलों में चीड़ वन की अधिकता है। विभाग चीड़ पिरुल को एकत्रित करते हुए, इसका प्रयोग पैलेट्स, ब्रिकेट्स बनाने में कर रहा है। इसके लिए स्वयं सहायता समूहों की मदद ली जा रही है। वर्तमान में विभाग इन समूहों को प्रति कुंतल तीन रुपए की दर से चीड़ एकत्रित करने का भुगतान कर रहा है। अपर प्रमुख मुख्य वन संरक्षक निशांत वर्मा के अनुसार वर्तमान में चल रही ब्रेकेटस यूनिट की संख्या बढ़ाकर 12 किए जाने की तैयारी है। उन्होंने बताया कि जल्द ही अल्मोड़ा, चम्पावत, गढ़वाल और नरेंद्र नगर वन प्रभाग में सात नई यूनिट स्थापित हो जाएंगी। इससे स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन भी हो सकेगा। वनाग्नि रोकथाम के लिए, विभागों को समय से तैयारी करने को भी कहा गया है।

<u>नाम वापसी</u>

प्रदेश में नगर निकाय चुनावों के लिये आज नाम वापसी का अंतिम दिन है। नाम वापसी के बाद प्रत्याशियों की अंतिम सूची जारी की जाएगी। प्रत्याशियों को कल चुनाव चिह्न आवंटित किये जाएंगे। निकाय चुनावों के लिये मतदान 23 को, जबकि मतगणना 25 जनवरी को होगी।

## लिफ्ट व्यवस्था

सचिवालय स्थित मुख्य सचिव कार्यालय तक पहुंचने वाली आम जनता विशेषकर दिव्यांगजनों की सुविधा के दृष्टिगत भूतल से लिफ्ट की व्यवस्था की गई है। अब प्रतिदिन राज्य के दूर–दराज क्षेत्रों से अपनी समस्याओं के निराकरण के लिए मुख्य सचिव राधा रतूड़ी से मिलने वाले दिव्यांगजनों को किसी भी तरह की असुविधा का सामना नहीं करना पड़ेगा। वे अपनी समस्याओं के समाधान के लिए सीधे मुख्य सचिव से उनके कार्यालय में मुलाकात कर पाएंगे। गौरतलब है कि अब तक दिव्यांगजनों की समस्याओं को जानने के लिए मुख्य सचिव सचिवालय परिसर में स्वयं उनके पास पहुंचती थी।

## साइबर ठगी

प्रदेश में साल 2024 में 210 करोड़ रुपये की साइबर ठगी हुई है। राज्य में एसटीएफ कार्यालय के अधीन साइबर अपराध थाना देहरादून में साइबर ठगी की सूचना दर्ज कराने के लिए कंट्रोल रूम बनाया गया है, इनमें ठगी होने पर 23 हजार 400 लोगों की शिकायत दर्ज की गई। वहीं, साइबर ठगों के खाते में जमा इस रकम में से करीब 28 करोड़ रुपये की साइबर सेल ने रिकवरी की है। एसटीएफ के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नवनीत भुल्लर ने बताया कि साइबर अपराधों पर रोक लगाने के लिए संचार साथी और चक्षु पोर्टल लॉन्च किए गए हैं। 1930 हेल्पलाइन नंबर पर साइबर ठगी की शिकायत दर्ज कराई जा सकती है।

## ट्यूलिप रोपण

राज्यपाल गुरमीत सिंह और प्रथम महिला गुरमीत कौर ने आज राजभवन परिसर में ट्यूलिप बल्ब का रोपण किया। इस अवसर पर राज्यपाल ने ट्यूलिप बल्ब रोपण को प्राकृतिक सौंदर्य संवर्धन और जैव विविधता के प्रति जागरूकता बढ़ाने का एक महत्वपूर्ण कदम बताया। गौरतलब है कि राजभवन में प्रतिवर्ष आयोजित वसंतोत्सव के दौरान ट्यूलिप पुष्पों की विविधता आगंतुकों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहती है। इस वर्ष भी 13 प्रजातियों के 3 हजार 800 ट्यूलिप बल्ब्स लगाए गए हैं, जो आगामी वसंतोत्सव तक पुष्पावस्था में रहेंगे। वहीं इस बार वसंतोत्सव में 76 प्रजातियों के पुष्प भी आम जनमानस को देखने को मिलेंगे।

## मशरूम खेती

चमोली जिले में मशरूम की खेती काश्तकारों के लिए लाभकारी साबित हो रही है। जिला योजना के तहत आदिबदरी और खेती गांव में मश्रुम टनल बनाने के साथ ही कुछ किसानों को योजना से जोड़ा गया है। किसानों द्वारा उत्पादित मशरूम की बाजार दर 150 रुपए प्रति किलो मिल रही है। मुख्य कृषि अधिकारी जे.पी तिवारी ने बताया कि कर्णप्रयाग से लेकर भराड़ीसैंण तक के गांवों को मशरूम बेल्ट के रूप में तैयार किया जा रहा है। इस बेल्ट में 16 मशरूम टनल बनाई जा रही हैं। उन्होंने बताया कि मशरूम टनल की एक हट में 700 कम्पोस्ट बैग रखे गए हैं। एक बैग में 10 किलो कम्पोस्ट में 04 किलो मशरूम उत्पादन हो रहा है। साल में तीन बार मशरूम का उत्पादन होता है। मशरूम टनल बनाने से जंगली जानवरों से भी नुकसान नही होता है। वहीं, जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने रीप को निर्देशित किया है कि काश्तकारों की ओर से उत्पादित मशरूम का उचित माध्यम से विपणन भी सुनिश्चित किया जाए।

## सीएनजी ऑटो

देहरादून में जल्द ही 250 नए सीएनजी ऑटो का संचालन किया जाएगा। जिन लोगों ने इसके परमिट के लिए आवेदन किया था, संभागीय परिवहन विभाग ने उनको ऑटो खरीदने की मंजूरी दे दी है। आवदेकों को 31 मार्च तक ऑटो खरीदना होगा और इसके बाद परमिट जारी किए जाएंगे। देहरादून के आरटीओ, प्रशासन सुनील शर्मा ने कहा कि संभाग के बाहरी क्षेत्रों में सीएनजी ऑटो के संचालन से न केवल यात्रियों को सुविधा मिलेगी, बल्कि नए लोगों को रोजगार भी मिलेगा।

## संचार सुविधा बागेश्वर

संचार सुविधा से विहीन बागेश्वर जिले के दूरस्थ गांवों में बीएसएनएल द्वारा 48 नए टॉवर लगाए जाने का कार्य गतिमान है। वहीं, पन्द्रहपाली, कपूरी, देवलविछराल, लाथी, भनार, मलखाडूगरचा, पुड़कुनी, किरौली, बदियाकोट और खरकनातोली आदि 21 जगहों पर टावरों का निर्माण पूरा हो गया है। आज कलेक्ट्रेट में विधायक सुरेश गढ़िया और जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने संचार विहीन गांवों के लिए इन नए टॉवरों का वर्चुअली लोकार्पण किया। इस अवसर पर विधायक सुरेश गढ़िया ने कहा कि नेटवर्क स्थापित होने से डिजिटल इंडिया का लाभ क्षेत्र की जनता को मिल सकेगा। वहीं जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने कहा कि दूरस्थ क्षेत्र के संचार विहीन गांवों में अब तक 21 टॉवरों का संचालन कर लोगों के लिए 4—जी सुविधा सुचारू कर दी गयी है।

## मौसम

प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में न्यूनतम तापमान में बढोतरी दर्ज की गई है। इसके चलते ठंड में कमी आई है। मौसम विज्ञान केंद्र, देहरादून के निदेशक बिक्रम सिंह ने बताया कि राज्य के पर्वतीय और मैदानी क्षेत्रों में आने वाले दिनों में मौसम साफ बना रहेगा और तापमान, न्यूनतम से अधिक रहेगा।

उन्होंने बताया कि आगामी पांच से सात जनवरी के बीच राज्य के पर्वतीय क्षेत्रों में अत्यधिक ऊचाई वाले हिस्सों में बर्फबारी हो सकती है।

## टिकट बिक्री

गणतंत्र दिवस परेड और बीटिंग रिट्रीट के लिए टिकटों की बिक्री आज से शुरू हो गई है। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि टिकट सेना भवन, शास्त्री भवन, जंतर–मंतर, प्रगति मैदान और राजीव चौक मेट्रो स्टेशन से मूल फोटो पहचान पत्र दिखाकर खरीदे जा सकते हैं।